**न्यूयॉर्क के नर्सिंग होम पारगमन और परिवर्तन**
**(NURSING HOME TRANSITION AND DIVERSION, NHTD) प्रोग्राम संबंधी**
**क्लास एक्शन के लिए प्रस्तावित समाधान का नोटिस**

## इस नोटिस को किसको पढ़ना चाहिए?

अगर आप उस क्लास के सदस्य हैं (समूह का हिस्सा हैं) जो *Bagley v. New York State Department of Health* (बैगली बनाम न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग) क्लास एक्शन मुकद्दमे के समाधान से प्रभावित होंगे, तो आपको यह नोटिस पढ़ना चाहिए। আপনি একজন ক্লাস মেম্বার (Class Member) যদি আপনি:

(1) ऐसे न्यूयॉर्क शहर निवासी हैं, जो,
(2) 18 अगस्त 2012 के बाद किसी भी समय
(3) Medicaid कवरेज के प्राप्तकर्ता रहे हैं या हैं, जो कि समुदाय आधारित दीर्घकालीन देखभाल सेवाओं का समर्थन करता है, और
(4) आपकी उम्र अट्ठारह साल से ज्यादा है, और
(5) आपने न्यूयॉर्क शहर में NHTD वेइवर प्रोग्राम (NHTD Waiver Program) सेवाओं के लिए आवेदन किया है या फिर अदालत द्वारा समाधान समझौते (Settlement Agreement) को स्वीकृति देने के पश्चात की तीन साल की अवधि के दौरान आवेदन कर रहे हैं, या किया है, और
(6) आपको इनटेक इंटरव्यू चरण में NHTD वेइवर प्रोग्राम के लिए अनुपयुक्त पाया गया है, या
(7) आप से कहा गया था कि आप संभवतः पात्र हैं लेकिन बाद में उस निर्णय का औपचारिक नोटिस पाए बगैर आपको अनुपयुक्त माना गया था; और
(8) आपको कभी NHTD वेइवर प्रोग्राम में नामांकित नहीं किया गया है।

## यह नोटिस किसके बारे में है?

यह नोटिस एक मुकद्दमे के समाधान के बारे में है, जो आपके अधिकारों को प्रभावित कर सकता है। 2015 में, NHTD वेइवर प्रोग्राम के बारे में संघीय अदालत में *Bagley et al. v. New York State Department of Health et al*. (बैगली और अन्य बनाम न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग और अन्य) नामक एक क्लास एक्शन मुकद्दमा ("मुकद्दमा") दायर किया गया था। मुकद्दमे में अन्य चीज़ों के साथ-साथ, आरोप लगाया गया था कि स्वास्थ्य विभाग (Department of Health, DOH) ने न्यूयॉर्क शहर में NHTD वेइवर प्रोग्राम को कई समस्यात्मक तरीकों से बनाया और चलाया था जिससे कि पात्र आवेदकों के लिए सेवाएं पाना मुश्किल हो गया था। DOH ने अस्वीकार किया है कि उसने अयोग्य व्यवहार किया था। वादी और DOH अब एक समाधान का प्रस्ताव कर रहे हैं, जो ऐसा मानते हैं कि वह सभी क्लास सदस्यों के लिए उचित है। तथापि, समाधान समझौते के प्रभावी होने के लिए, अदालत को उसे स्वीकृति देना आवश्यक है।

## समाधान में क्या है?

सामान्यतः समाधान समझौते का उद्देश्य आवेदकों से संचार को बेहतर बनाना, NHTD प्रोग्राम की सेवाओं को अधिक आसानी से उपलब्ध कराना और आवेदन प्रक्रिया को तेज़ बनाना है। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए, समाधान में अन्य चीज़ों के साथ-साथ, ये आवश्यक हैं:

- NHTD वेइवर प्रोग्राम को संचालित करने वाली या इसके द्वारा सेवाएं प्रदान करने वाली एजेन्सियों के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण;
- क्लास सदस्यों, नर्सिंग होम निवासियों, नर्सिंग होम संचालकों और डिस्चार्ज आयोजकों और अन्यों तक संपर्क बनाना, ताकि उन्हें NHTD वेइवर प्रोग्राम के साथ समुदाय में उपलब्ध सेवाओं और आवेदन की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जा सके;
- माँग करने पर न्यूयॉर्क राज्य में आम भाषाओं, बड़े अक्षरों, ब्रेइल या एक पहुँचक्षम इलेक्ट्रॉनिक रूप में सुसंगत और स्पष्ट लिखित नोटिस;
- अस्वीकार नोटिसों में आवेदक किस तरह से निर्णय को चुनौती दे सकता है इसके बारे में जानकारी;
- आवेदकों और सेवा संयोजकों की अपार्टमेंट खोजने में मदद करने के लिए हाउसिंग स्पेशियलिस्ट्स को नियुक्त करना;
- सेवा संयोजन एजेन्सियों (Service Coordination Agencies) के लिए क्षतिपूर्ति की दरें बढ़ाने के लिए स्वीकृति पाना ताकि वे कर्मचारियों के समय को NHTD प्रोग्राम की सेवाओं के शुरू होने से पहले, Medicare और Medicaid सेवाओं के लिए केंद्र (Center for Medicare and Medicaid Services, CMS) की स्वीकृति के अधीन आवेदकों की सहायता करने में निवेशित कर सकें;
- NHTD प्रोग्राम और ओपन डोर्स प्रोग्राम (Open Doors Program) के बीच संयोजन बढ़ा कर आवेदकों की अधिक कार्यक्षम ढंग से स्थान बदलने और समुदाय आधारित सेवाएं प्राप्त करने में मदद करना।
- NYC NHTD वेइवर प्रोग्राम संचालक द्वारा उन आवेदकों के लिए सहायता को बढ़ाना, जिनके केस जटिलताओं वाले हों, जिससे उस व्यक्ति के लिए NHTD प्रोग्राम की सेवाओं तक पहुँच बनाना मुश्किल हो गया है।

ये परिवर्तन NHTD वेइवर प्रोग्राम जानकारी पुस्तिका के नये संस्करण में प्रतिबिंबित होंगे, जो कि उन सभी एजेन्सियों, जो प्रोग्राम में सेवाएं प्रदान करती हैं, और आम जनता के लिए DOH की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

यह समाधान समझौते का केवल एक संक्षिप्त सार है। समाधान समझौता, जिसमें समाधान की सभी शर्तें प्रदान की गई हैं, इस वेबसाइट पर है, https://mobilizationforjustice.org/nhtd/। समाधान समझौते की एक प्रति पाने के लिए, या अगर आपको कोई प्रश्न हों तो, आप क्लास सदस्यों के वकील को कॉल कर सकते हैं, पत्र लिख सकते हैं या ईमेल भेज सकते हैं। यह उनकी संपर्क जानकारी है:

**Mobilization for Justice**
**110 William Street, 6th Floor**
**New York, NY 10038**
**Phone: 212-417-3700**
**Fax: 212-417-3891**
nhtdclass@mfjlegal.org
**या**
**Patterson Belknap Webb & Tyler LLP**
**1133 Avenue of the Americas**
**New York, NY 10036**
**Phone: 212-336-2000**
**Fax: 212-336-2222**
nhtdclass@mfjlegal.org

### मुक्तियाँ

यदि अदालत समाधान समझौते को स्वीकृति देती है, तो DOH को इस मुकद्दमे का कारण बनने वाली घटनाओं के संबंध में किसी भी सूचक, निषेधक या अन्य समान राहत के लिए आगे की देयता से मुक्त कर दिया जाएगा। इसका मतलब है कि आप DOH के खिलाफ समाधान समझौते के प्रभावी होने की तिथि से पहले किए गए NHTD वेइवर प्रोग्राम आवेदनों से जुड़ी घटनाओं के लिए मुकद्दमा दायर नहीं कर पाएंगे।

## आपको समाधान की शर्तों पर टिप्पणी करने या उन पर आपत्ति उठाने का अधिकार है

## समाधान को स्वीकृति दी जा सके इससे पहले, अदालत उठाई गई किन्हीं भी आपत्तियों को सुनने के लिए एक “औचित्य सुनवाई” आयोजित करेगी

### अगर मैं समाधान समझौते से सहमत हूँ, तो क्या मुझे कुछ करना होगा?

नहीं। अगर आप समाधान समझौते से सहमत हैं, तो आपको कुछ करने की ज़रूरत नहीं है। अगर अदालत समाधान समझौते को स्वीकृति देती है, तो आप ऊपर वर्णित कार्रवाइयाँ देखेंगे। आप भी समाधान से बद्ध होंगे।

**मैं समाधान समझौते पर आपत्ति कैसे उठा सकता/सकती हूँ?**

आप दो तरीकों से समाधान समझौते पर आपत्ति उठा सकते हैं या टिप्पणी कर सकते हैं:

1. आप आदलत को एक पत्र या अन्य लिखित बयान प्रदान कर सकते हैं, जिस पर "**Bagley Settlement**" **(बैगली समाधान)** लिखा हो, जिसमें समाधान पर आपकी आपत्तियाँ या टिप्पणियाँ हो सकती हैं। अपना नाम, पता, टेलिफ़ोन नंबर, हस्ताक्षर और आप समाधान समझौते पर क्यों आपत्ति उठा रहे हैं उसके सभी कारणों का संपूर्ण स्पष्टीकरण शामिल करना सुनिश्चित करें। आप पत्र को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट के क्लर्क (Clerk of the Court) को [insert date from Order] के दिन या उससे पहले, या फिर डाक द्वारा पहुँचा सकते हैं, जिस स्थिति में उस पर __[insert from Order]____ से पहले का डाक स्टैम्प लगा होना चाहिए। आपको इस पत्र की एक प्रति या तो Patterson Belknap Webb & Tyler LLP या फिर Mobilization for Justice, को भी भेजनी होगी, जो कि क्लास सदस्यों के वकील हैं। वकीलों के डाक पते ऊपर प्रदान किए गए हैं। अदालत का पता निम्नानुसार है:

**Clerk of the Court**
**United States District Court for the Eastern District of New York**
**225 Cadman Plaza East**
**Brooklyn, New York 11201**

2. आप औचित्य सुनवाई (Fairness Hearing) के दिन (नीचे देखें) अदालत में आ कर न्यायधीश को अपनी टिप्पणियों और/या आपत्ति(यों) के बारे में बता सकते हैं। औचित्य सुनवाई जज फ्रेडरिक ब्लॉक द्वारा United States District Courthouse, 225 Cadman Plaza East, Brooklyn, New York, की 10वीं मंज़िल के Courtroom 10C South में __________, 2024, को ____ बजे आयोजित की जाएगी। अगर आप टिप्पणी करना नहीं चाहते हैं, या फिर आपने लिखित रूप से आपत्ति या टिप्पणी दायर की हो, तो आपके लिए औचित्य सुनवाई में मौजूद रहना आवश्यक नहीं है।

यदि आपको कोई प्रश्न हों, तो आप क्लास सदस्यों के वकील को कॉल कर सकते हैं या ईमेल भेज सकते हैं।

## अदालत को कॉल न करें

यह नोटिस अरबी, बंगाली, बर्मीज़, चीनी, फ्रेंच, हैतियन-क्रिओल, इतालवी, जापानी, कोरियाई, नेपाली, पोलिश, रूसी, स्पेनिश, उर्दू और यिड्डिश भाषाओं में भी न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर यहाँ उपलब्ध है https://health.ny.gov/facilities/long_term_care/nhtd/resources/index.htm।